आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- अगले दो साल में एक लाख युवाओं को पुलिस में नौकरी देगी सरकार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में की घोषणा।
- वाराणसी के सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में वैदिक थ्री डी संग्रहालय का निर्माण करायेगी प्रदेश सरकार। ज्योतिष खगोल विज्ञान और वैदिक साहित्य को समर्पित होगा संग्रहालय।
- डॉक्टर कीर्ति पाण्डेय बनायी गयीं उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की पहली अध्यक्ष। आज लखनऊ में ग्रहण करेंगी पदभार।
- छूटे हुए मवेशियों की ईयर टैगिंग के लिये चलेगा विशेष अभियान। गांव–गांव पहुंचेगी पशुधन विभाग की टीम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार अगले दो साल के भीतर एक लाख युवाओं को पुलिस में नौकरी देगी। मुख्यमंत्री कल वाराणसी में भारतीय जनता युवा मोर्चा की तरफ से आयोजित एक दिवसीय सदस्यता कार्यशाला के समापन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से अनुशासित रह कर देश के विकास में प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं ने सदैव राष्ट्र को नई दिशा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति के साथ–साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी नौजवान अपनी प्रतिभा और योग्यता के जरिए भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में ला सकते हैं, इसके लिए प्रबल इच्छा शक्ति जरूरी है। इस दौरान राज्य सरकार की जन–कल्याणकारी और विकास योजनाओं की चर्चा करते हुए श्री योगी ने कहा कि युवाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाकर स्वावलंबी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि फरवरी 2023 में हम लोगों ने इन्वेस्टर्स समिट किया। इस समिट में उत्तर प्रदेश को चालीस लाख करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। चालीस लाख निवेश के प्रस्ताव का मतलब लगभग डेढ़ करोड़ नौजवानों को सीधे–सीधे नौकरी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल चन्दौली में अघोराचार्य बाबा कीनाराम के चार सौ पच्चीसवें अवतरण दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोई संत, महात्मा और योगी कभी भी सत्ता का गुलाम नहीं हो सकता, बल्कि वह अपने कदमों पर समाज को चलने के लिये प्रेरित करता है। यही कार्य बाबा कीनाराम ने आज से चार सौ पच्चीस वर्ष पूर्व जन्म लेकर अपनी दिव्य साधना से किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कीनाराम ने उच्च कुलीन परिवार में जन्म लेने के बाद भी बड़ी संख्या में जनजातियों और वंचितों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये अनेक कार्य किये। उन्होंने भारत की सभी साधना विधियों को एक साथ जोड़कर काशी में क्रीं कुण्ड की स्थापना की। इस अवसर पर अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर महेन्द्रनाथ पाण्डेय सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

**********

प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मुख्य भवन में एक वैदिक–थ्री डी संग्रहालय का निर्माण करने जा रही है। यह अत्याधुनिक संग्रहालय भारतीय ज्योतिष, खगोल विज्ञान और वैदिक साहित्य को समर्पित होगा। कल वाराणसी दौरे पर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में अपने भ्रमण के दौरान यह घोषणा की। और अधिक विवरण हमारे संवाददाता से–

***ये थ्री डी संग्रहालय वैदिक साहित्य के विकास को प्रदर्शित करेगा तथा 16 संस्कारों, 64 कलाओं और 18 विद्या संस्थानों के साथ–साथ भारतीय संतों के योगदान पर प्रकाश डालेगा और श्शास्त्रार्थश की परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक सरस्वती भवन में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों को देखा, जिनमें ष्रास पंचाध्यायीष् श्रीमद्भागवत गीता और दुर्गासप्तशती शामिल हैं, ये सभी स्वर्ण अक्षरों से अंकित हैं और विशेष कपड़े पर सोने की कलात्मकता से सजी हैं। मुख्यमंत्री ने परिसर के सभी विभागों के साइन बोर्ड को संस्कृत भाषा में करने का भी निर्देश दिया। फिलहाल 234 साल पुराने संपूर्णान्द संस्कृत विश्वविद्यालय में भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन द्वारा संरक्षण कार्य किया जा रहा है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मुरादाबाद दौरे पर रहेंगे। वह सबसे पहले पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में डिप्टी एसपी की पासिंग आउट परेड की सलामी लेंगे और इसके बाद रामपुर रोड पर आयोजित कार्यक्रम में करीब चार सौ करोड़ रूपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

**********

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आज से शुरू होने जा रहा है। पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुनः भाजपा के सदस्य बनकर इस अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ करेंगे जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल पार्टी की पुनः सदस्यता लेकर प्रदेश में इस

अभियान का औपचारिक शुभारम्भ करेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश में तीन करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

**********

बेसिक से लेकर एडेड माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षक भर्ती के लिये बनाये गये उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की पहली अध्यक्ष डॉक्टर कीर्ति पाण्डेय को बनाया गया है। डॉक्टर कीर्ति पाण्डेय वर्तमान में गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। डॉक्टर कीर्ति पाण्डेय आज लखनऊ में पदभार ग्रहण करेंगी। इस आयोग में अध्यक्ष के अलावा बारह सदस्य पदों पर नियुक्ति चौदह मार्च को ही कर दी गयी थी। अध्यक्ष के चयन का आदेश प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा की तरफ से कल जारी किया गया।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिये पंजीकरण की अन्तिम तिथि पांच सितम्बर है। इस तिथि तक छात्र–छात्राओं के शैक्षिक विवरण यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जा सकेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के प्रदेश के खिलाड़ी राजकुमार पाल को यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी बनाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने यह घोषण कल शाम लखनऊ में हॉकी इण्डिया जूनियर मेन इण्टर जोन चैम्पियनशिप दो हजार चौबीस के उद्घाटन अवसर पर की। ओलम्पिक हॉकी टीम के यूपी के दूसरे खिलाड़ी ललित उपाध्याय को पहले ही डिप्टी एसपी बनाया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेल नीति के जरिये खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही है। इसके अन्तर्गत ओलम्पिक, एशियाड कामनवेल्थ और विश्व चैम्पियनशिप प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से सरकारी सेवा में स्थान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार अब तक पांच सौ से अधिक खिलाड़ियों को अलग–अलग सेवाओं में सरकारी नौकरी दे चुकी है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल वर्चुअल माध्यम से रिमोट का बटन दबाकर और हरी झंडी दिखाकर पीलीभीत से मैलानी रेलखंड पर आमान परिवर्तन के बाद रेल सेवा का शुभारंभ किया। अपने वर्चुअल सम्बोधन में रेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक एक सौ सत्तावन स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया गया है। रेल सेवा शुभारंभ के दौरान पीलीभीत में मौजूद केंद्रीय राज्यमंत्री और स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद ने कहा कि पीलीभीत–शाहगढ़ और पीलीभीत–मैलानी के बीच ट्रेन संचालन शुरू होने से रोजगार के साधन बढ़ेंगे और पर्यटन को भी गति मिलेगी।

**********

गोरखपुर के बड़हलगंज और मऊ के दोहरीघाट के रास्ते बेल्थरा और बलिया तक की यात्रा करने वाले लोगों के लिये यूपी रोडवेज की नई बस सेवा का आज शुभारम्भ होगा। गोरखपुर से बलिया के लिये यह बस सेवा प्रतिदिन तीन फेरों में उपलब्ध होगी।

**********

पशुओं और पशुपालकों का सटीक ब्यौरा सहेजने और खुले में घूम रहे निराश्रित गोवंश पर अंकुश लगाने के लिये सभी छूटे हुए मवेशियों की ईयर टैगिंग का विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। सितम्बर से दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत पशुधन विभाग की टीम गांव–गांव जाकर ईयर टैगिंग करेगी। यह अभियान पशु गणना के साथ–साथ चलाया जायेगा। पशुधन विभाग के संयुक्त निदेशक एमआई खान ने बताया कि ईयर टैगिंग के बारह अंकों के विशेष नम्बर से किसी भी पशु और पशुस्वामी का पूरा ब्यौरा आसानी से मिल जाता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में तीन दिवसीय 'सशस्त्र बल महोत्सव' का शुभारंभ करेंगे। इस महोत्सव का आयोजन लखनऊ छावनी के सूर्या खेल परिसर में सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक किया जायेगा। इसमें हेलीकाप्टरों, पैरामोटर्स, माइक्रोलाइट फ्लाइंग, लड़ाकू विमानों का फ्लाईपास्ट, घोड़े और मोटरसाइकिल प्रदर्शन के साथ–साथ पैरा जंप और विशेष बलों के कई रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिलेंगे। यह महोत्सव सभी नागरिकों के लिए खुला है।

**********